जिंदगी में मुझे कुछ मिले ना मिले,
हर घड़ी आपकी बस कृपा चाहिए,
नाम की तेरी शोहरत कमा पाऊं मैं,
तेरी इतनी सी मुझको कृपा चाहिए,
जिंदगी में मुझें कुछ मिले ना मिले,
हर घड़ी आपकी बस कृपा चाहिए।।

तर्ज आज कल याद कुछ और।

तेरी किरपा का मुझको तकाज़ा हुआ,
ये तजुर्बा मुझे ताज़ा ताज़ा हुआ,
आपकी ये कृपा यूँ ही मिलती रहे,
उम्र भर अब यही सिलसिला चाहिए,
जिंदगी में मुझें कुछ मिले ना मिले,
हर घड़ी आपकी बस कृपा चाहिए।।

मैंने तुमसे ना की नाम की आरज़ू,
बस बनाए तू रखना मेरी आबरू,
आस निर्धन की इसके सिवा कुछ नहीं,
आपसे ये इनायत सदा चाहिए,
जिंदगी में मुझें कुछ मिले ना मिले,
हर घड़ी आपकी बस कृपा चाहिए।।

मेरा हर एक कदम तेरी राहों में हो,

मेरा अंतिम सफर तेरी बाहों में हो,
तुम रहो श्याम बनकर मेरे रहगुजर,
और कुछ ना तुम्हारे सिवा चाहिए,
जिंदगी में मुझें कुछ मिले ना मिले,
हर घड़ी आपकी बस कृपा चाहिए।।

मेरी ज्यादा बड़ी कोई ख्वाहिश नहीं,
आप से मेरी बाबा गुजारिश यही,
मैंने माधव हिये की सुना दी प्रभु,
आप से आपकी बस रजा चाहिए,
जिंदगी में मुझें कुछ मिले ना मिले,
हर घड़ी आपकी बस कृपा चाहिए।।

जिंदगी में मुझे कुछ मिले ना मिले,
हर घड़ी आपकी बस कृपा चाहिए,
नाम की तेरी शोहरत कमा पाऊं मैं,
तेरी इतनी सी मुझको कृपा चाहिए,
जिंदगी में मुझें कुछ मिले ना मिले,
हर घड़ी आपकी बस कृपा चाहिए।।

Singer Aparna Mishra
Lyrics Abhishek Sharma Madhav

इसी तर्ज पर अन्य भजन भी देखें →

१. मुझे सबकुछ मिला ऐ मेरे सांवरे।
२. आप संग हो मेरे और क्या चाहिए।
३. राजा दशरथ यूँ रो रो के कहने लगे।

४. श्याम मुझपे भी नज़रे करम कीजिये।
५. ना जरुरत उसे पूजा और पाठ की।

Source: https://www.bharattemples.com/zindagi-me-mujhe-kuch-mile-na-mile/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw